आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
मंगलवार 27.05.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं के 75 मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया।
- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने कहा– प्रदेश में रोड कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ किया जा रहा है।
- राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने देहरादून में सांसद आदर्श ग्राम जीवनवाला में संचालित कार्यों की समीक्षा की।
- भारत, विभिन्न देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजकर वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के प्रति पाकिस्तान के समर्थन को उजागर कर रहा है।

मेधावी छात्र सम्मान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं के 75 मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मानित हो रहे सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थी राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। अपने माता–पिता, शिक्षकों और विद्यालय के साथ ही इन विद्यार्थियों ने उत्तराखंड का मान भी बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरकार निरतंर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 226 विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। 500 विद्यालयों में वर्चुअल कक्षाएं संचालित की जा रही हैं और 840 नए विद्यालयों में हाइब्रिड मोड में स्मार्ट क्लासरूम भी स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने स्थानीय भाषा और संस्कृति के संरक्षण के लिए गढ़वाली, कुमाऊँनी और जौनसारी भाषाओं में पुस्तकें तैयार की हैं। साथ ही बच्चों में कौशल, उद्यमिता और भारतीय ज्ञान परंपरा को विकसित करने के लिए 'कौशलम कार्यक्रम' भी प्रारंभ किया गया है।

रोड कनेक्टिविटी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने कहा है कि प्रदेश में रोड कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ किया जा रहा है। देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोग उत्तराखंड के पयर्टन और धार्मिक स्थलों का रूख करते है। इसको लेकर कई नई सड़क परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देहरादून के लिए 52 किलोमीटर की रिंग रोड बनाने के लिए डीपीआर की कार्रवाई गतिमान है। इसके अलावा मसूरी के लिए भी एक नई सड़क पर काम किया जा रहा है।
केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि नेपाली फार्म से नटराज चौक तक एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य किया जाना है, जिसमें 5 छोटी टनल बनाई जानी है। उन्होंने कहा कि केदारखंड और मानसखंड को जोड़ने के लिए भी काम किया जा रहा है।

## अपर पुलिस महानिदेशक निरीक्षण

प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, डॉ. वी. मुरुगेशन ने आज केदारनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनके यात्रा अनुभव को जाना। उन्होंने टोकन काउंटर, लाइन मैनेजमेंट और भीड़ प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। इसके बाद अपर पुलिस महानिदेशक ने फाटा से सोनप्रयाग तक की यात्रा व्यवस्थाओं और यातायात प्रबंधन का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा उन्होंने सोनप्रयाग से गौरीकुण्ड के लिए चलने वाली शटल सेवा को सुव्यवस्थित ढंग से चलाने के निर्देश भी दिये।

## सांसद आदर्श ग्राम योजना

राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने आज देहरादून में सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत जीवनवाला में संचालित कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने सांसद आदर्श ग्राम जीवनवाला में मूलभूत सुविधाओं का विकास के साथ ही ग्राम पंचायत को सभी विभागीय योजनाओं से शत–प्रतिशत आच्छादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सांसद आदर्श ग्राम के हर घर में सोलर लाइट लगाने के लिए उरेडा और विद्युत विभाग को परियोजना तैयार करने को कहा, ताकि आदर्श ग्राम के हर घर में बिजली का बिल शून्य हो और हर परिवार को इसका लाभ मिले। उन्होंने सांसद आदर्श ग्रामों में सोलर लाइट के लिए सर्वे कराते हुए एक माह के भीतर इसका प्रस्ताव तैयार करने को कहा। अमृत सरोवर योजना की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि ग्राम पंचायत में निर्मित अमृत सरोवरों पर पर्यटन गतिविधि संचालित करने के लिए कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने सौन्दर्यीकरण के साथ ही पर्यटक सुविधाएं जुटाते हुए अमृत सरोवरों को टूरिस्ट स्थल के रूप विकसित करने पर बल दिया। इससे आदर्श ग्राम के लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार की सुविधा मिलेगी। उन्होंने सांसद आदर्श ग्राम जीवनवाला और हरिपुर कलां में बैंकिग सुविधाओं के साथ लोगों के जनधन खाते, पीएम जीवन ज्योति और पीएम जीवन सुरक्षा बीमा से जोड़ने के भी निर्देश दिए।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

भारत, विभिन्न देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजकर विश्व में आतंकवाद को पाकिस्तान द्वारा समर्थन दिये जाने का पर्दाफाश कर रहा है। इसके साथ भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति का भी प्रसार कर रहा है।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण अमरीकी देश गयाना का दौरा किया। संवाददाताओं से बातचीत में श्री थरूर ने कहा कि गयाना ने आतंकी हमले से खुद की रक्षा करने और प्रभावशाली तरीके से कार्रवाई करने के भारत के अधिकार का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत को गयाना की सरकार से बिना शर्त की सहानुभूति और समर्थन प्राप्त हुआ है।

प्रतिनिधिमंडल ने गयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली से भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद गयाना के राष्ट्रपति ने कहा कि आतंकवाद और चरमपंथवाद मानव के सम्मान के हर पहलु के विरूद्ध है।

## घंटाकर्ण महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज टिहरी जिले की नगर पंचायत गजा के  अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय 'प्रथम गजा घंटाकर्ण महोत्सव' का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा की महोत्सव हमारी संस्कृति के वाहक होते हैं और अब इनके माध्यम से विकास के मार्ग भी खुल रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण भी किया।

नगर निगम तैयारी

देहरादून नगर निगम की ओर से नदी–नालों से कूड़ा निकालने का अभियान लगातार जारी है। इसके तहत अभी तक नदियों से 16 हजार मीट्रिक टन कूड़ा निकाला गया। निगम के मेयर सौरभ थपलियाल ने कहा कि मानसून से पहले नदी–नालों की पूरी तरह सफाई कर दी जाएगी।

मशरूम उत्पादन उत्तरकाशी

उत्तरकाशी जिले के नौगांव में उद्यान विभाग पहली मशरूम बीज उत्पादन इकाई खोलने जा रहा है। मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना के तहत 16 लाख की लागत का भवन तैयार किया गया है, जिसमें जरूरी उपकरणों की स्थापना के बाद बीजों का उत्पादन शुरू हो जाएगा। जिले की गंगा व यमुना घाटियों में लगभग एक हजार मशरूम उत्पादक हैं, जो मौसम के हिसाब से सफेद बटन से लेकर ढींगरी मशरूम का 30 से 40 मीट्रिक टन तक उत्पादन करते हैं। लेकिन यहां निजी व सरकारी क्षेत्र में एक भी मशरूम उत्पादन इकाई न होने के कारण मशरूम उत्पादकों को मशरूम के बीज दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है। इसमें समय के साथ ही उनका आर्थिक नुकसान भी होता है। मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ. डी.के तिवारी ने बताया कि जिले में मशरूम बीज उत्पादन इकाई की आवश्यकता को देखते हुए इसका निर्माण किया जा रहा है। इससे काश्तकारों को बाहरी जिलों पर निर्भर नहीं रहना होगा। साथ ही यहां उन्हें राजकीय दरों पर बीज उपलब्ध होंगे।